गुड इवनिंग
सांध्य दैनिक

इंदौर के उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए जिमी मिस्त्री ने की डीएलसी के इंदौर चैप्टर की शुरुआत

गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर से नाता रखने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले दुनिया के पहले बिजनेस प्लेटफॉर्म डेला लीडर्स क्लब (डीएलसी) के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने शहर के उद्यमियों के लिए डेला ग्रुप के इंदौर चैप्टर की मंगलवार को शुरुआत की।

उन्होंने कहा कि इंदौर हमेशा मेरे बहुत करीब रहा है क्योंकि मेरी जड़ें यहीं हैं। ऐसा लगता है कि मैं डीएलसी इंदौर चैप्टर लॉन्च के साथ घर वापस आ गया हूं। शहर ने जबरदस्त विकास क्षमता दिखाई है और यह उद्यमियों और युवाओं की भूमि है। जिमी मिस्त्री, संस्थापक, डीएलसी, ने कहा कि हम डीएलसी के ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर इंदौर का सह-निर्माण, सहयोग और प्रदर्शन करना

चाहते हैं।

डीएलसी के 6 चैप्टर न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर, बैंकॉक जैसे शहरों के साथ साथ इंदौर समेत 9 भारतीय शहरों में भी हैं। इस ग्रुप से 2200 से

अधिक मेम्बेर्स जुड़े है जो दुनिया भर में अपने अपने पेशे में उचाईयों को छू रहे है।

डीएलसी इंदौर चैप्टर को लिंकडइन के सह-संस्थापक नेविल गौंट और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) रेमंड नोरोन्हा ने लांच किया। नेविल 'कैन यू हैंडल द टुथ?' किताब के सह-लेखक भी है। वही लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) नोरोन्हा ने परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल (दो बार) और कई सेना मेडल और पदक प्राप्त किए हैं। जेआरडी टाटा के नक्शेकदम पर चलने वाले जिमी मिस्त्री कहते हैं कि जिस भी व्यवसाय में हैं, निष्पक्ष और ईमानदार तरीके से लोगों और अपने देश की जरूरतों को पूरा करें। हम में से अधिकांश लोगों के पास समाज में बदलाव लाने की इच्छा तो होती है लेकिन समय नहीं होता है। हालांकि, डीएलसी एक ऐसा फॉर्मूला लेकर आया है जो हमारे सदस्यों को अपने क्षेत्र में अपनी बुद्धि का उपयोग करके सामाजिक प्रभाव में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करेगा। मिस्त्री ने बताया इंदौर में शुरू हुए डीएलसी के इंदौर चैप्टर से इंदौर के युवाओं को और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किस तरह से बिजनेस को ले जाया जाता है साथ ही किस तरह से बिजनेस को आगे बढ़ाया जाता है और इस तरह की कई बातों को इस समूह से जुड़ने के बाद सिखाया और बताया जाएगा। इस समूह से जुड़ने के बाद युवाओं और उद्यमियों को ग्लोबल एक्सेस मिलेगी जिस से वह डीएलसी के वैश्विक समूह से जुड़ सकेंगे और नई बातें सीख सकेंगे।

हाल ही में डीएलसी का दुनिया के पहला बिजनेस प्लेटफार्म के 15 चैप्टर को एक कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, आदित्य ठाकरे और डॉ शशि थरूर द्वारा लॉन्च किया गया था। अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थान फोर्ब्स एनवाई, ब्लूमबर्ग, द इकोनॉमिक टाइम्स, याहू फाइनेंस यूएसए, इंडियायूनिकॉर्न, बिजनेस वर्ल्ड, न्यूज नेशन यूएसए, मैनहट्टन वीक, मार्केट्स इनसाइडर में डीएलसी के कार्यक्रम को कवर किया था।